<u>बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना की अद्यतन स्थिति,</u>

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान किया गया है, जिसके फलस्वरूप विकास की परियोजनायें प्रारम्भ कर तेजी से पूर्ण की जा रही हैं। प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिये जनपद चित्रकूट से जनपद इटावा में 'आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे' तक एक 04 लेन (ग्रीन फील्ड) प्रवेश नियंत्रित 296.07 किमी0 लम्बाई की **'बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना'** तथा जनपद गोरखपुर से जनपद आजमगढ़ में 'पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे' तक एक 04 लेन (ग्रीन फील्ड) प्रवेश नियंत्रित 91.352 किमी0 लम्बाई की **'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना'** के निर्माण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा परियोजना के विभिन्न पैकेजों हेतु निर्माणकर्ताओं का चयन कर लिया गया है। दोनों परियोजनाओं के चयनित निर्माणकर्ताओं का विवरण निम्नवत् हैः–

पैकेज संख्या	आंकलित परियोजना लागत (रूपये करोड़ में)	न्यूनतम वित्तीय निविदा प्रस्तुत करने वाले चयनित निविदाकर्ता का नाम (एल–1)	न्यूनतम वित्तीय निविदा प्रस्तुत करने वाले की वित्तीय निविदा (जी0एस0टी रहित) (रूपये करोड़ में)	न्यूनतम वित्तीय निविदा तथा आंकलित परियोजना लागत में अन्तर	
				रूपये करोड़ में	प्रतिशत में
'बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना':–					
पैकेज-I	1494.23	मे0 एप्को इन्फ्राटेक प्रा0लि0	1,268.60	(–) 225.63	–15.10%
पैकेज -II	1467.17	मे0 एप्को इन्फ्राटेक प्रा0लि0	1,245.63	(–) 221.54	–15.10%
पैकेज -III	1217.10	मे0 अशोका बिल्डकॉन लि0	1,079.52	(–) 137.58	–11.30%
पैकेज -IV	1588.00	मे0 गावर कन्शट्रक्शन लि0	1,396.00	(–) 192.00	–12.09%
पैकेज -V	1559.49	मे0 गावर कन्शट्रक्शन लि0	1,415.00	(–) 144.49	–9.27%
पैकेज -VI	1572.56	मे0 दिलीप बिल्डकॉन लि0	1.362.06	(–) 210.50	–13.39%
योगः	**8898.55**		**7,766.81**	**(–) 1,131.74**	**–12.72%**
'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना':–					
पैकेज-I	1903.53	मे0 एप्को इन्फ्राटेक प्रा0लि0	1774.09	(–) 129.44	–6.80%
पैकेज -II	1218.01	मे0 दिलीप बिल्डकॉन लि0	1250.01	(+) 32.00	+2.63%
योगः	**3121.54**		**3024.10**	**(–) 97.44**	**–3.12%**

'बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना' के उपरोक्तानुसार चयनित निर्माणकर्ताओं को 'लेटर ऑफ इंटेन्ट' दिनांक 28 नवम्बर, 2019 को तथा 'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना' के चयनित निर्माणकर्ताओं को 'लेटर ऑफ इंटेन्ट' दिनांक 29 नवम्बर, 2019 को जारी कर दिये गये हैं।